**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-1**

**PERIODIC TEST 1 (2018-19)**

**HINDI [Course-B]**

**CLASS: IX** **MAX. MARKS: 20**

**DATE : 22/05/2018** **DURATION: 45 MIN.**

*सामान्य निर्देश ः* ***1** कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में **9** प्रश्न हैं।*

***2** सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

***3** प्रत्येक उत्तर का क्रमांक अवश्य लिखें ।*

---

प्रश्न **1** नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [**4**]

'शिक्षा' शब्द 'शिक्ष्' से बना है ,जिसका अर्थ है -सीखना।इसके अनुसार जिसके द्वारा सीखा जाए,वही शिक्षा है।शिक्षा के ही समान अर्थ में विद्या शब्द का प्रयोग भी होता है।'विद्या' शब्द के मूल में संस्कृत की 'विद्'धातु है,जो जानने का अर्थ देती है।इस प्रकार जिसको जाना जाए या जिससे ज्ञान मिले, वही विद्या है।'शिक्षा' और 'विद्या' शब्द से ही 'शिक्षार्थी' और' विद्यार्थी ' शब्द बने हैं।जिनका अर्थ होता है -सीखने की या जानने की इच्छा रखने वाला।यूँ तो कहा जाता है कि पूरा जीवन ही एक पाठशाला है और मनुष्य उस पाठशाला का एक स्थायी विद्यार्थी।अर्थात जानने और सीखने की प्रक्रिया उसके जीवन भर चलती रहती है।अपने अनुभवों से, स्वाध्याय से, दूसरे लागों की संगत आदि से मनुष्य जीवन के अंतिम क्षणों तक कुछ न कुछ सीखता रहता है, परंतु वह विद्यार्थी या शिक्षार्थी नहीं कहलाता।प्रायः जीवन के प्रारंभिक वर्षों में शिक्षण संस्थानों द्वारा विधिवत दी जाने वाली शिक्षा या कहें तो स्कूलों और कॉलेजों में चलने वाली ज्ञानात्मक क्रिया को ही शिक्षा कहा जाता है और आमतौर पर इसी तरह से विद्यालयों,महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने वालों के लिए शिक्षार्थी या विद्यार्थी शब्द रूढ़ हैं।

(क) 'शिक्षा' शब्द किससे बना है और उसका क्या अर्थ है ?

(ख) मनुष्य का पूरा जीवन क्या है ?

(ग ) मनुष्य अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक कुछ न कुछ कैसे सीखता है ?

(घ ) 'स्थायी' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

प्रश्न **2** (क) वर्ण-संधि कीजिए - क् +ऋ+त्+र्+इ+म्+अ [**1**]

(ख) वर्ण- विच्छेद कीजिए - त्रिकोण

प्रश्न **3** निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए । [**1**]

वदना , जगल

प्रश्न **4** निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। [**1**]

आगन, कठिनाइया

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्द को पुनः लिखिए। [1]

मजदूर , फर्श

प्रश्न 6 दूसरे पद में कवि ने 'गरीब निवाजु' किसे कहा है ? रैदास के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न 7 लड़के की मृत्यु के दूसरे ही दिन बुढ़िया खरबूज़े बेचने क्यों चल पड़ी? दुख का अधिकार नामक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न 8 लेखिका ने घायल गिल्लू की देखभाल किस प्रकार की ? गिल्लू नामक पाठ के आधार पर अपना उत्तर दीजिए। [3]

प्रश्न 9 संवाद लेखन ः

मित्रों के साथ पिकनिक पर दिल्ली जाने हेतु रीना और उसकी माता जी के बीच संवाद लिखिए। [3]

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-2**
**PERIODIC TEST 1 (2018-19)**
**HINDI [Course-B]**

**CLASS: IX** **MAX. MARKS: 20**
**DATE : 22/05/2018** **DURATION: 45 MIN.**

*सामान्य निर्देश : 1 कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 9 प्रश्न हैं।*
*2 सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
*3 प्रत्येक उत्तर का क्रमांक अवश्य लिखें । ।*

---

प्रश्न 1 नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [4]

'शिक्षा' शब्द 'शिक्ष्' से बना है ,जिसका अर्थ है -सीखना।इसके अनुसार जिसके द्वारा सीखा जाए,वही शिक्षा है।शिक्षा के ही समान अर्थ में विद्या शब्द का प्रयोग भी होता है।'विद्या' शब्द के मूल में संस्कृत की 'विद्'धातु है,जो जानने का अर्थ देती है।इस प्रकार जिसको जाना जाए या जिससे ज्ञान मिले, वही विद्या है।'शिक्षा' और 'विद्या' शब्द से ही 'शिक्षार्थी' और' विद्यार्थी ' शब्द बने हैं।जिनका अर्थ होता है -सीखने की या जानने की इच्छा रखने वाला।यूँ तो कहा जाता है कि पूरा जीवन ही एक पाठशाला है और मनुष्य उस पाठशाला का एक स्थायी विद्यार्थी।अर्थात जानने और सीखने की प्रक्रिया उसके जीवन भर चलती रहती है।अपने अनुभवों से, स्वाध्याय से, दूसरे लागों की संगत आदि से मनुष्य जीवन के अंतिम क्षणों तक कुछ न कुछ सीखता रहता है, परंतु वह विद्यार्थी या शिक्षार्थी नहीं कहलाता।प्रायः जीवन के प्रारंभिक वर्षों में शिक्षण संस्थानों द्वारा विधिवत दी जाने वाली शिक्षा या कहें तो स्कूलों और कॉलेजों में चलने वाली ज्ञानात्मक क्रिया को ही शिक्षा कहा जाता है और आमतौर पर इसी तरह से विद्यालयों,महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने वालों के लिए शिक्षार्थी या विद्यार्थी शब्द रूढ़ हैं।

(क) 'विद्या' शब्द किस धातु से बना है और उसका अर्थ क्या है ?
(ख) मनुष्य किसका स्थायी विद्यार्थी है ?
(ग ) मनुष्य विद्यार्थी या शिक्षार्थी कब नहीं कहलाता ?
(घ ) 'ज्ञान' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

प्रश्न 2 (क)वर्ण- संधि कीजिए - क् +ऋ+ष्+ण्+अ [1]
(ख)वर्ण- विच्छेद कीजिए - जिज्ञासा

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए । [1]
ककड़ , सशय

प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। [1]
आख, मिठाइया

प्रश्न **5** निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। [1]

जमीदार , फार्म

प्रश्न **6** पहले पद में भगवान और भक्त की किन किन चीज़ों से तुलना की गई है ? रैदास के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न **7** पास -पड़ोस की दुकानों से पूछने पर लेखक को क्या पता चला ? दुख का अधिकार नामक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न **8** गिल्लू को क्यों और कैसे मुक्त किया गया ? गिल्लू नामक पाठ के आधार पर अपना उत्तर दीजिए। [3]

प्रश्न **9** संवाद लेखन ः

मित्रों के साथ पिकनिक पर मुंबई जाने हेतु रमेश और उसकी माता जी के बीच संवाद लिखिए। [3]